हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 25 मार्च 2025, समय 1810 (10 मिनट)

- हरियाणा के शहरी स्थानीय निकायों में चुने गए 10 नए महापौर 28 नगर पालिका व नगर परिषद के प्रधानों व 687 पार्षदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नगर पालिका शिकायत पंजीकरण ई समाधान पोर्टल और ई समाधान मोबाइल ऐप जारी की।
- मुख्यमंत्री ने नगर निकायों को 587 करोड़ रुपए की राशि स्थानांतरित की और सभी से प्रदेश के विकास के लिए पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने का आह्वान किया।
- अंबाला छावनी के अटल कैंसर केयर केंद्र में ट्यूमर बोर्ड का गठन किया गया।
- असम की गुवाहाटी में हुई पहली अंडर 23 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा ने पंजाब की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

*********

आज हरियाणा के शहरी स्थानीय निकायों में चुने गए 10 महापौर 28 नगर पालिका व नगर परिषद के प्रधानों 687 वार्डों के पार्षदों को पंचकूला में आयोजित समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली स्थानीय शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल परिवहन मंत्री अनिल विज सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नगर नगर पालिका शिकायत पंजीकरण ई समाधान पोर्टल और ई समाधान मोबाइल ऐप जारी की। मुख्यमंत्री ने नगर निगमों नगर पालिकाओं और नगर परिषदों को 587 करोड़ रुपए की अनुदान राशि भी स्थानांतरित की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों ने उन पर भरोसा जताया है और सभी को जनता के हितों और प्रदेश के विकास के लिए पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा

सीएम ऐ

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ट्रिपल की सरकार बनने के बाद जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। उन्होंने सभी से केंद्र व प्रदेश की हर योजना को धरातल पर ले जाकर शहरों के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।
2 बाइट सीएम बी

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष बजट का बड़ा हिस्सा शहरों के विकास पर खर्च किया जाएगा और शहरों को समृद्ध सुरक्षित नशा मुक्त व आत्म निर्भर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निकायों की आमदनी बढ़ाने के लिए संसाधनों को बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय का बजट 5 हज़ार 666 करोड़ रूपये रखा गया है ताकि विकास की गति को बढ़ाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में जल निकासी के लिए 100 करोड़ रूपये का प्रावधान किया है इसके अलावा स्थानीय निकायों में होने वाले केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों सवतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस अदि के लिए मभी प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नगर पालिकाओं नगर निगमों व नगर परिषदों में ई पुस्तकालय भी खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए पोर्टल तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कहा

रणबीर गंगवा

*********

पशुपालन और डेयरी मंत्री, राजीव रंजन सिंह ने कहा है कि भारत दूध का सबसे बड़ा उत्पादक देश है और अगले पांच वर्षों में इसकी उत्पादन क्षमता 239 मिलियन मीट्रिक टन से बढ़ाकर 300 मिलियन मीट्रिक टन (MMT) करने का लक्ष्य है। लोकसभा में श्री सिंह ने बताया कि 2014 में सरकार द्वारा शुरू की गई राष्ट्रीय गोकुल मिशन के बाद से देश में दूध उत्पादन में 63 दशमलव 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले तीन वर्षों में उत्पादन में और 15 प्रतिशत की वृद्धि होगी।उन्होंने यह भी बताया कि भारत में लगभग 10 करोड़ लोग दूध उत्पादन में लगे हुए हैं, जिनमें से 75 प्रतिशत महिलाएँ हैं। उन्होंने यह भी बताया कि देश में प्रति व्यक्ति दूध की खपत 471 ग्राम प्रतिदिन है।

********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********

अंबाला छावनी स्थित अटल कैंसर केंद्र में ट्यूमर बोर्ड का गठन किया गया है ताकि गंभीर मामलों में चर्चा कर मरीज़ को बेहतरीन ईलाज दिया जा सके। अम्बाला छावनी स्तिथ नागरिक अस्पताल प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ रेनू बेरी ने कहा कि अम्बाला छावनी स्तिथ ये अटल कैंसर केयर केंद्र पहला अस्पताल होगा यहाँ ट्यूमर बोर्ड मरीजों के इलाज को लेकर बैठकों का आयोजन करेगा।

डॉ रेनू बेरी ने बताया कि

डॉ रेनू बेरी

कैंसर रोग विशेषज डॉ प्रगति गर्ग ने बताया कि ट्यूमर बोर्ड की बैठक का उद्देस्य मरीजों के लिए सर्वोत्तम संभव उपचार की रणनीति तैयार करना है। कैंसर रोग विशेषज डॉ अरुण सिंगला ने बताया कि ऐसे बोर्ड पीजीआई और मेडिकल कॉलेज में होते है। बोर्ड के निष्कर्ष के आधार पर मरीज को आगे भी रैफर किया जाता है।

***********

अम्बाला पुलिस ने मंगलई गांव के चर्च परिसर से अफीम के पौधों की खेती के मामले में अंकित शर्मा नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्ज़े से अफीम के 80 पौधे कब्ज़े बरामद किए है। पुलिस द्वारा चर्च परिसर से पौधे उखाड़ दिए गए है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया आरोपी बग्गेचे में माली का काम करता था पूछताछ में पता चला है क़ वः अफीम का नशा करता है। उल्लेखनीय है कि अफीम के पौधों की खेती प्रतिबंधित है।

***********

असम के गुवाहाटी में हुई पहली अंडर 23 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा की पुरुष वर्ग की टीम ने फाइनल मुकाबले में पंजाब की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीता है।  18 मार्च से 24 मार्च तक हुई इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने पंजाब की टीम को 94-73 से हराकर यह पदक जीता। प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में कर्नाटक, क्वार्टर फाइनल मुकाबले में तमिलनाडु, प्री क्वार्टर फाइनल में बिहार और अपने लीग मैचों में मेघालय, पश्चिमी बंगाल व चंडीगढ़ की टीमों को हराया। कप्तान साहिल टाया के नेतृत्व में टीम ने तमाम मैचों में शानदार प्रदर्शन किया।

***********

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक अक्टूबर, 2024 से 30 सितंबर, 2025 तक की अवधि के लिए भारतीय महिला टीम के लिए अनुबंध नवीनीकरण की घोषणा की है। 2024-25 सत्र के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर, प्रमुख बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को पिछले कुछ वर्षों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए ग्रेड ए में रखा गया है।रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और शैफाली वर्मा सभी को ग्रेड बी में रखा गया है जबकि यास्तिका भाटिया, राधा यादव, स्नेह राणा और पूजा वस्त्रकार को ग्रेड सी में रखा गया है। श्रेयंका पाटिल, तीतास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर और उमा छेत्री जैसे नए खिलाडियों को भी अनुबंध सूची में जोडा गया हैं।भारतीय महिला टीम अगले महीने की 27 तारीख से श्रीलंका में एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी।

***********

हरियाणा के  विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि पानीपत से जींद तक सडक का निर्माण शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि  इसके लिए मुख्यमंत्री नायाब सिंह  सैनी ने 184 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। मंत्री ने कहा है कि  पानीपत से दरियापुर मोड तक चारमार्गीय  सड़क बनाई जाएगी, जो पानीपत जिले का हिस्सा रहेगी। उन्होंने कहा कि  इस चारमार्गीय सड़क के निर्माण पर 92 करोड़ रुपये  खर्च किए जाएंगे।श्री पंवार ने बताया कि दरियापुर मोड़  से लेकर जींद तक 10 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी  और यह सड़क  जिला जींद का हिस्सा रहेगी। इस सड़क  को बनाने में 92 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।पंचायत मंत्री ने बताया कि यह सड़क जिस- जिस गांव से जाएगी उन सभी गांवों में आवश्यकतानुसार पानी की निकासी के लिए नाले  बनाने का भी प्रावधान किया जाएगा।